Amity University

Uttar Pradesh

Savita Mehta
Vice President, Communications

Amity University Campus
Block E-II, 2nd Floor
Sector – 125, Noida
Ph: 0120 - 4392620
Fax: 0120-4392622

प्रेस विज्ञप्ति
अक्टूबर 22,2016

संगठन - 2016 के अंर्तगत सांस्कृतिक रगांरग कार्यक्रम का आयोजन

छात्रों में खेल भावना का विकास करने हेतु एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक अंतरसंस्थान खेल प्रतियोगिता " संगठन - 2016" का आयोजन खेल परिसर, एमिटी विश्वविद्यालय कैंपस, सेक्टर - 125 नोएडा में किया जा रहा है। जिसके अंर्तगत एमिटी के विभिन्न विश्वविद्यालयो एंव संस्थानों के हजारों छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं मे हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता मे विजयी छात्रों को संस्थापक दिवस पर अक्टूबर 24, 2016 को डा अशोक कुमार चौहान, संस्थापक अध्यक्ष, एमिटी शिक्षण समूह द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या पर आज एमिटी शिक्षण समूह के विभिन्न संस्थानों द्वारा आज सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसका छात्रों ने जमकर लुत्फ उठाया।

छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए डा अतुल चौहान, चांसलर, एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश ने कहा कि पूरे विश्व मे कोई अन्य ऐसा विश्वविद्यालय नही है जहां पर इतनी बड़ी संख्या मे छात्र खेल प्रतियोगिता मे हिस्सा लेते है। डा चौहान ने कहा कि एमिटी के छात्र खेल प्रतियोगिताओ मे अव्वल है वही दूसरी ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने मे महारत हासिल है। उन्होने छात्रों के सुखद भविष्य हेतु कामना की।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंर्तगत एमिटी ग्रेटर नोएडा कैंपस, एमिटी विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश, एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा, एमिटी विश्वविद्यालय राजस्थान, एमिटी विश्वविद्यालय महाराष्ट्र, एमिटी विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल, एमिटी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, एमिटी लखनउ एंव एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश के छात्रों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर एमिटी ह्यूमिनिटी फाउंडेशन की वाइस चेयरपरसन सुश्री पूजा चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय के ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह एंव एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश वाइस चांसलर डा (श्रीमती) बलविंदर शुक्ला भी उपस्थित थी।

अधिक जानकारी के लिए संर्पक करें - अनिल दुबे - 9818671697